समस्याओं के निस्तारण के साथ मांगे जाएंगे सुझाव

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर

राजस्थान आवासन मंडल की विभिन्न योजनाओं के अलावा जमीनों से अवाप्ति सहित अन्य समस्याओं का समाधान करने के साथ ही उनके सुझाव लेने के लिए आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा शुक्रवार दोपहर 12 बजे को हाउसिंग बोर्ड के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर आमजन से सीधा संवाद करेंगे। मंडल प्रशासन की ओर से इस तरह की एक अनूठी पहल पहली बार की जा रही है।

राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा की कार्यशैली एवं कार्यकुशलता के चलते मृत प्राय स्थिति में पड़ा आवासन मंडल दिन प्रतिदिन ऊंचाईयां छू रहा है। प्रोपर्टी व्यवसाय एक ओर मंदी की भेंट चढ़ा हुआ है लेकिन आवासन आयुक्त की कार्यशैली के चलते वर्षो से अनिस्तारित चल रहे हजारों आवासों का निस्तारण करने के साथ ही मंडल को करोडों का राजस्व जुटाया है। अब आवासन आयुक्त आमलोगों की समस्याओं को निस्तारण करने के लिए आमजन से सीधा संवाद कर रहे हैं इस दौरान लोगों से मंडल की कार्ययोजनाओं में किए जाने वाले बदलावों के लिए सुझाव मांगेंगे और अच्छे सुझावों को मंडल की कार्ययोजना में शामिल करेंगे। मंडल की ओर से कोरोना काल से लेकर अब तक किए गए उल्लेखनीय कार्यो को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी इसकी प्रशंसा कर चुके हैं।